सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 224 | इंदौर, शुक्रवार 23 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Kisan Andolan : शुभकरण के परिवार को एक करोड़ रुपये और सरकारी नौकरी का एलान, खनौरी पर एक और मौत**
2. **Haryana Budget 2024 : मनोहर लाल ने पेश किया 1.89 लाख करोड़ रुपये का बजट, बड़ी राहत-नहीं लगा कोई नया टैक्स**
3. **Jaipur Crime: जयपुर की PNB बैंक में फायरिंग, बदमाशों ने कैशियर को गोली मारी, एक को भीड़ ने पकड़कर पीटा**
4. **हिट एंड रन मामला: दिल्ली के द्वारका में सड़क हादसा, टक्कर मारकर आरोपी फरार; एक की मौत**
5. **सनसनीखेज वारदात: सोनीपत के दो बच्चों की हत्या, बागपत में मिले शव, मां और उसके करीबी पर जताया जा रहा शक**
6. **ग्रेटर नोएडा : 'पेपर खराब होने पर बेटे को समझाया, फिर वह छत पर गया... 22वीं मंजिल से कूदकर दी जान'**

# परीक्षा के दौरान झुग्गी बस्ती पर एक्शन के खिलाफ पूर्व मंत्री

## मानवाधिकार आयोग जाएंगे पीसी शर्मा, भोपाल में 2 दिन में 139 घर गिराए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल में झुग्गी भदभदा बस्ती पर बुलडोजर एक्शन के खिलाफ पूर्व मंत्री पीसी शर्मा मानव अधिकार आयोग जाएंगे। वे बताएंगे कि परीक्षा समय में बस्ती के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई है। पूर्व मंत्री का प्लान बस्ती जाकर लोगों से मुलाकात करने का भी है।**

भोपाल में होटल ताज के ठीक सामने भदभदा बस्ती से दो दिन में 139 घर हटा दिए गए हैं। आज तीसरे दिन शुक्रवार को 129 घर और गिराए जाने हैं। लोगों से सहमति लेकर उनके घरों को गिराया जा रहा है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) ने 386 घरों को हटाने के आदेश दिए थे।

कोई हंगामा न हो, इसके लिए पुलिस ने बस्ती से 1 किलोमीटर पहले बैरिकेडिंग कर रास्ता रोक रखा है। पुलिस के 500 जवान तैनात हैं। घरों को तोड़ने के लिए 10 JCB लगाई गई हैं। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि कार्रवाई अगले दो दिन और चलेगी।

### बेघर लोगों को जमीन के पट्टे, मुआवजे का ऑप्शन

बस्ती से अब 247 घर और हटाए जाएंगे। इनमें से 129 ने शुक्रवार को अपने घर खाली करने की सहमति दी है। कलेक्टर सिंह ने बताया कि सभी को मुआवजा दिया गया है। शिफ्टिंग के लिए निगम की गाड़ियां उपलब्ध कराई गई हैं। कुछ लोगों को चांदपुर बैरसिया इलाके में जमीन के पट्टे तो बाकी को 1 लाख रुपए की मुआवजा राशि या प्रधानमंत्री आवास का ऑप्शन दिया गया है।



### इसलिए अतिक्रमण हटा रहा प्रशासन

NGT के आदेश के बाद जिला प्रशासन अतिक्रमण हटा रहा है। इसे लेकर पिछले दिनों नगर निगम की ओर से मुनादी भी कराई थी। रहवासियों को अतिक्रमण हटाने के लिए तीन दिन का समय दिया था। सोमवार को यह अवधि खत्म हो गई। कलेक्टर सिंह ने रहवासियों की मीटिंग की और फिर एक दिन की मोहलत और दी थी। बुधवार से सख्ती और समझाइश दोनों शुरू कर दी गई। बुधवार को 30, गुरुवार को 109 घर गिराए गए।

# ग्रामीणों का वन अमले पर हमला

## हाथी के हमले में युवक की मौत के बाद हंगामा, बोले- पुलिस ने गोली चलाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अनूपपुर। अनूपपुर में गुरुवार करीब 8 बजे हाथी के हमले से एक युवक की मौत हो गई। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो गुस्साए ग्रामीणों ने हमला कर दिया। गाड़ियों में तोड़फोड़ की। इसके बाद पुलिस पहुंची। उन पर भी हमला हुआ। दो पुलिसकर्मी घायल हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने फायरिंग की, जिसमें गांव के दो लोग घायल हुए हैं।**

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से तीन हाथी और 25 सदस्यीय रेस्क्यू टीम अनूपपुर के लिए रवाना होगी। हाथी को कैद कर जंगल में छोड़े जाने की तैयारियां की जा रही है।

### खेत से भगा रहे थे, हाथी ने हमला कर दिया

जानकारी के अनुसार, अनूपपुर में एक माह से अधिक समय से एक नर हाथी घूम रहा है। गुरुवार रात 8 बजे वन परिक्षेत्र के गोबरी गांव में हाथी खेत में गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा रहा था। ग्रामीण हाथी को भगाने लगे। इस दौरान हाथी ने दो युवकों पर हमला कर दिया। इसमें ज्ञान शाह की मौत हो गई। भगदड़ में दो लोग गंभीर घायल हो गए।

### कलेक्टर-एसपी पुलिस बल के साथ पहुंचे

घटना की जानकारी मिलते ही गोबरी, पगना और आसपास के ग्रामीण भी आ गए। हाथी को पकड़ने पहुंची वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। वन परिक्षेत्र अधिकारी जैतहरी के शासकीय वाहन में तोड़फोड़ की। इसके बाद अनूपपुर कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवार, अनूपपुर और जैतहरी थानों का फोर्स लेकर घटनास्थल और गोबरी गांव पहुंचे, जिसके बाद पुलिस पर भी हमला हुआ। अधिकारियों ने स्थिति संभाली और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

### दो ग्रामीण और एक पुलिसकर्मी घायल

मृतक ज्ञान का बेटा केशू शाह (17) और उसके चाचा रामप्रसाद गोंड घायल हैं। दोनों को मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया है। कोतवाली थाना एसआई बालरे को भी गंभीर चोट आई है। एसआई जबलपुर के अस्पताल में भर्ती हैं।

### पुलिस बोली- हमने फायरिंग नहीं की

पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवार का कहना है कि ग्रामीण फायरिंग से घायल हुए हैं या पत्थर से, फायरिंग किस स्थिति में की गई, जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। जिला पुलिस बल का कहना है कि हमारे पास कोई भी हथियार नहीं था। फायरिंग कैसे हुई, इसकी हमें जानकारी नहीं हैं।

# अध्यक्ष मंजूर कर सकेंगे 50 हजार रुपए का काम

## अब गली-मोहल्ले के सत्तारूढ़ काम की मंजूरी की राह होगी आसान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर नगर निगम के द्वारा वार्ड समिति का गठन किए जाने के साथ ही अध्यक्ष का निर्वाचन हो गया। निर्वाचित हुए अध्यक्ष को मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार 50 हजार रु. तक के काम को मंजूर करने का अधिकार है। इस अधिकार के परिणाम स्वरूप अब गली मोहल्ले के काम की मंजूरी आसान हो जाएगी। अध्यक्ष के निर्वाचन के पूर्व तक यह अधिकार जोनल अधिकारी के पास हुआ करता था।**

9 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद इंदौर शहर को एक बार फिर वार्ड समिति मिल गई है। इस समिति के अध्यक्ष का निर्वाचन बुधवार को शहर के सभी 22 जोन कार्यालय पर किया गया। हर कार्यालय पर निगम में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी का पार्षद जोनल कार्यालय की वार्ड समिति का अध्यक्ष चुना गया है। अध्यक्ष का यह निर्वाचन निर्विरोध हुआ। कांग्रेस के द्वारा निश्चित पराजय को देखते हुए अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए अपना कोई प्रत्याशी किसी भी जोनल कार्यालय पर मैदान में नहीं उतारा गया। अध्यक्ष के इस निर्वाचन के बाद अब वार्ड समिति के द्वारा काम शुरू किया जाएगा।

### अब गली मोहल्ले के काम की मंजूरी आसान हो जाएगी

मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम में इस बात का प्रावधान है की वार्ड समिति के अध्यक्ष 50 हजार रु. तक के काम मंजूर कर सकेंगे। उन्हें यह वित्तीय अधिकार दिया गया है। इस वित्तीय अधिकार के परिणाम स्वरूप जोनल कार्यालय के अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए पार्षद अपने जोनल कार्यालय के क्षेत्र में गली मोहल्ले के छोटे-छोटे कामों को मंजूर कर उन्हें आकार देने का काम कर सकेंगे। इन कामों के लिए टेंडर बुलाने जैसी औपचारिकता करने की भी आवश्यकता नहीं रहेगी।

### जोनल अधिकारी से वापस लिए अधिकार

उक्त अध्यक्ष के द्वारा जनहित को ध्यान में रखते हुए जनहित के नाम पर इन कामों को मंजूरी देकर ठेकेदार से काम कराने का काम किया जा सकेगा। अध्यक्ष का निर्वाचन होने के पूर्व तक यह अधिकार जोनल अधिकारी के पास हुआ करता था। जोनल अधिकारी के द्वारा इन छोटे कामों की मंजूरी के काम में रुचि नहीं ली जाती थी। अब जब जनप्रतिनिधि के पास ही यह काम आ गया है तो फिर इस काम के ज्यादा और तेजी से होने के अवसर भी बढ़ गए हैं।

### पहली बार के पार्षदों को आएगी समस्या

वार्ड समिति के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए कई पार्षद ऐसे हैं जो की पहली बार ही पार्षद पद पर निर्वाचित होकर आए हैं। ऐसे पार्षदों को वार्ड समिति का संचालन करने और अध्यक्ष के आर्थिक अधिकारों का उपयोग करने में कुछ समय तक समस्या आ सकती है। उन्हें सबसे पहले नियम कायदे को समझना होगा। फाइल की मंजूरी की प्रक्रिया को जानना होगा। उसके बाद ही जाकर वे बेहतर तरीके से काम कर सकेंगे।

# देवास नाका, सत्यसांई, मूसाखेड़ी और आईटी पार्क चौराहा फ्लायओवर के ट्रैफिक डायवर्शन प्लान तैयार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर के चार महत्वपूर्ण चौराहों पर फ्लायओवर बनाने का काम शुरू करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। चारों चौराहों पर काम शुरू करने से पहले ट्रैफिक डायवर्शन प्लान तैयार हो गए हैं और सभी प्लान जल्द ट्रैफिक पुलिस को अनुमति के लिए भेज दिए जाएंगे। माना जा रहा है कि मार्च में ट्रैफिक डायवर्शन के साथ चरणबद्ध तरीके से फ्लायओवर निर्माण की प्रक्रिया शुरू जाएगी।**

ये फ्लायओवर देवास नाका, सत्यसांई, मूसाखेड़ी और आईटी पार्क चौराहा पर बनाए जाएंगे। मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआरडीसी) ने विधानसभा चुनाव से पहले ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली थी। अब काम शुरू करने की स्थिति आ गई है। चारों फ्लायओवर सिक्स-सिक्स लेन चौड़ाई के होंगे।

विभागीय अफसरों का कहना है कि इनमें से मूसाखेड़ी और आईटी पार्क चौराहा के ट्रैफिक डायवर्शन प्लान ट्रैफिक पुलिस को सौंपे जा चुके हैं। संभव है कि अफसर मिलकर सभी स्थानों का दौरा भी करें। जैसे ही वहां से अनुमति मिलेगी, सिलसिलेवार ढंग से ट्रैफिक डायवर्ट करने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। इन सभी के निर्माण में डेढ़-पौने दो साल का वक्त लगने की संभावना है।

### सर्विस रोड और आसपास की सडकों पर डायवर्ट करेंगे ट्रैफिक

एमपीआरडीसी के महाप्रबंधक राकेश जैन ने बताया कि अलग-अलग फ्लायओवर पर निर्माण के पहले ट्रैफिक को आसपास की सर्विस रोड या अन्य सडकों पर डायवर्ट किया जाएगा। दो प्लान पुलिस प्रशासन को सबमिट किए जा रहे हैं और बचे दोनों के लिए भी तेजी से प्रखिअ्रया हो रही है। कोशिश है कि मार्च तक फ्लायओवरों का काम शुरू हो जाए।

# हजारों दीपों एवं रंगारंग आतिशबाजी की चमक-दमक से खिल उठा अन्नपूर्णा आश्रम परिसर

## मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव में सुबह से देर रात तक जुटा रहा भक्तों का मेला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हजारों दीपों रंगारंग आतिशबाजी और मां अन्नपूर्णा के नयनाभिराम श्रृंगार की आभा में गुरुवार रात को अन्नपूर्णा मंदिर परिसर दमक उठा।**

हजारों भक्तों की मौजूदगी ने आश्रम के नवश्रृंगारित मंदिर के सौंदर्य को और अधिक भक्ति भाव से लबरेज बनाएं रखा। आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज के सानिध्य में मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी एवं आश्रम के न्यासी विनोद अग्रवाल, गोपालदास मित्तल, पवन सिंघानिया, टीकमचंद गर्ग, श्याम सिंघल, सत्यनारायण शर्मा, वरजिंदरसिंह छाबड़ा, अभिभाषक सुनील गुप्ता एवं भक्त मंडल के सदस्यों ने जहां सुबह अभिषेक, नवचंडी पाठ एवं पूजा-अर्चना में भाग लिया, वहीं संध्या को दीपोत्सव एवं रंगारंग आतिशबाजी में भी पूरे भक्ति भाव से शामिल हुए। शाम को मंदिर परिसर भक्तों से खचाखच भरा रहा। आकर्षक दीपोत्सव की श्रृंखला ने मंदिर के आभामंडल को कई गुना सुंदर बना दिया। मंदिर के संचालक स्वामी जयेंद्रानंद गिरि एवं स्वामी विवेकानंद गिरि के अनुसार शाम को दस हजार से अधिक भक्तों ने भंडारे में शामिल होकर पुण्य लाभ उठाया। देर रात तक मंदिर पर भक्तों की कतारें लगी रही। अनेक राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने इस महोत्सव में शामिल होकर मां अन्नपूर्णा, मां काली एवं मां सरस्वती के श्रृंगार दर्शन का पुण्य लाभ एवं आनंद उठाया।

### कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# हजरत लालशाह वली दरगाह परिसर में 51 जोड़ों ने किए निकाह कुबूल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सभी तरफ माहौल में खुशियां बिखरी हुई थी और ऐसा लग रहा था हर कोई खुशियों में शामिल है। ये खुशगवार नजारा सांवेर स्थित हजरत लालशाह वली दरगाह परिसर पर इज्तेमाई शादी का था। जहां मुस्लिम सम्सज के 51 जोड़ों ने जैसे ही कुबूल है... कुबूल है... कुबूल है कहा, सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे। हजरत लालशाह वली की दरगाह के अहाते में हाफिज लियाकत रजा की अगुआई में उनके वालिद हाजी शब्बीर खान और भाई हाजी शौकत खान, हाजी शराफत और हाजी सिद्दीक खान की और से निशुल्क इज्तिमाई शादी का आयोजन कराया गया। सभी 51 जोड़ों के निकाह सांवेर शहर काजी मोहम्मद सलामुद्दीन ने पढ़ाये। इस मौके पर बतौर खास मेहमान मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के चेयरमैन सनवर पटेल, मदरसा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन प्रो हलीम खान, मुफ़्ती सैयद साबिरअली एवं सांवेर की मस्जिदों के पेश इमाम सहित नप अध्यक्ष संदीप चंगेड़िया, पूर्व नप अध्यक्ष दिलीप चौधरी, पार्षद सूर्यकुमार ओस्तवाल, पूर्व पार्षद भगवती मकवाना, पार्षद जयदीप कानूनगो एवं नगर के गणमान्यजन भी शामिल हुए। साफा बांधकर फुलमाला पहनाकर मेहमानों का स्वागत किया गया। हाफिज लियाकत रजा ने बताया कि हमारे परिवार की और से इस वर्ष भी निशुल्क इज्तिमाई निकाह का आयोजन कराया गया। लगातार 7 वर्षों से सामूहिक निकाह का सिलसिला जारी है।ताकि कमजोर तबके की मुस्लिम बेटियों का निकाह आसानी के साथ हो सके। सामूहिक निकाह में प्रत्येक दूल्हा दुल्हन को पलंग, सोफा सेट, कूलर, आलमारी जैसे महंगे सामान के साथ ही घर गृहस्थी का पूरा सामान तो तोहफे में दिया गया। साथ ही लजीज पकवान की दावत का सभी ने लुत्फ उठाया।

# अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारों के दल ने देखा इंदौर का सॉलिड वेस्ट मेनेजमेंट

## देवगुराडिया ट्रैचिंग ग्राउण्ड प्लांट का किया अवलोकन

### शहर के स्वच्छता अभियान की प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्वच्छता में सातवीं बार नंबर वन इंदौर शहर की स्वच्छता एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को देखने के लिए देश के विभिन्न प्रदेश/शहर के जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी आ रहे है, इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार गणों के दल द्वारा आज इंदौर के सॉलिड वेस्ट मेनेजमेंट के तहत आज देवगुराडिया टैचिंग ग्राउण्ड स्थित 400 टीपीडी मेकेनाईज्ड एमआरएफ प्लांट, 550 टीपीडी बायो सीएनजी प्लांट, 100 टीपीडी सी एंड डी वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट, वेस्ट बायोमेडिटेशन साईट व विभिन्न प्लांट का अवलोकन किया गया।**



आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह के निर्देश पर अपर आयुक्त श्री दिव्यांक सिंह, श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा प्रेजेटेशन के माध्यम से इंदौर के स्वच्छता अभियान के विस्तृत जानकारी देते हुए, बताया कि किस प्रकार से पूर्व में इंदौर में जगह-जगह कचरा पेटिया हुआ करती थी, जिस कचरा पेटी के आस-पास कचरे के ढेर लगा हुए होते थे, इसके पश्चात इंदौर ने स्वच्छता अभियान के तहत इंदौर को कचरा पेटी से मुक्त करते हुए, शहर के चिंहित वार्ड में पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन चलाये, जिनका जीपीएस सिस्टम के माध्यम से मॉनिटरिंग किया जा रहा है, सभी कचरा संग्रहण वाहनो अपने निर्धारित रूट व समय पर अपने कार्य क्षेत्र में कार्य कर रहे है।

### 6 प्रकार का कचरा संग्रहित किया जा रहा है

शहर को ओडीएफ मुक्त कैसे किया, पहले गीला-सुखा कचरा संग्रहित किया जाता है, अब हर दिन 6 बिन की तर्ज पर 6 प्रकार का कचरा संग्रहित किया जा रहा है। थैला बैंक, बर्तन बैंक, डिस्पोजल फ्री क्षेत्र, जीरो वेस्ट इवेंट, जीरो वेस्ट शादी, नाला सफाई अभियान, नाला क्रिकेट, नाला मेडिकल चेकअप, नाला फुटबॉल, नाला दंगल व अन्य गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहनो से संग्रहित कचरे को गारबेज कचरा ट्रांसफर स्टेशन तक किस प्रकार से पहुंचाया जा रहा है, इस सेग्रिगेट कचरे को किस प्रकार से टेन्चिंग ग्राउण्ड पर डिसेंटलाईज्ड मटेरियल रिकवरी प्लांट व ड्राय वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट, कम्पोस्ट प्लांट में प्रोसेस किया जा रहा है।

### बायोगैस का निर्माण

इसके साथ ही टेचिंग ग्राउण्ड में निर्माणधीन बायागैस प्लांट के संबंध में भी विस्तार से जानकारी देते हुए, बताया कि यह एशिया को बडा बायोगैस सीएनजी प्लांट है जहां पर गीले कचरे से बायोगैस का निर्माण किया जाकर उसे लोक परिवहन में उपयोग किया जा रहा है।

---

# ऋषि तीर्थ परिसर में नवनिर्मित जिनालय का पंचकल्याणक महोत्सव 27 फरवरी से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एबी रोड, लसुड़िया परमार स्थित संकट हरण पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर आचार्य श्री प्रसन्न ऋषि महाराज की सद्प्रेरणा से ऋषि तीर्थ परिसर में नव निर्मित भव्य जिनालय का पंचकल्याणक महोत्सव 27 फरवरी से 3 मार्च तक धूमधाम से मनाने की तैयारियां शुरू हो गई है। महोत्सव की प्रचार सामग्री एवं निमंत्रण का लोकार्पण आचार्य श्री प्रसन्न ऋषि महाराज ने किया।

श्री मज्जिनेंद्र पारसनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक महोत्सव समिति के मीडिया प्रभारी ऋषभ पाटनी, दिलीप जैन एवं अंकुर पाटनी ने बताया कि आचार्य कुशाग्रनंदी एवं आचार्य पुष्परत्न सागर के आशीर्वाद एवं आचार्य विहर्षसागर , आचार्य दयासागर ससंघ एवं माताजी सानिध्य में महोत्सव की मांगलिक क्रियाएं 25 फरवरी से प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप एवं नितिन पंडित के निर्देशन में प्रारंभ हो जाएगी। इस दिन आचार्य प्रसन्न ऋषि म.सा. का अवतरण दिवस भी है, लिहाजा दोपहर 12बजे उपरांत पंच कल्याणक के पात्रों की हल्दी रस्म प्रारंभ हो जाएगी। महोत्सव के प्रमुख कार्यक्रम - 26 फरवरी को मेहंदी, 27 को गर्भ कल्याणक (पूर्वार्ध) में प्रातः 6.30 बजे रथयात्रा, जुलूस मंगल कलशयात्रा के बाद 7:30 बजे से मंडप उद्घाटन, अभिषेक, शांतिधारा, 9:30 बजे आचार्यश्री के प्रवचन, 11 बजे ध्वजारोहण, दोपहर 1 बजे महामंडल आराधना, महायाग मंडल, सायं 6.30 बजे प्रवचन एवं आरती के बाद सायं 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 28 फरवरी को सुबह 6.30 बजे से जाप अभिषेक के बाद नवग्रह शांति हवन, 9.30 बजे प्रवचन, 10.30 बजे 81 कलशों से सौभाग्यवती एवं कुवारियो द्वारा मंदिर , वेदी एवं शिखर शुद्धि, दोपहर 1 बजे माता की गोद भराई, सायं 6 बजे प्रवचन, आरती तथा 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। गुरुवार 29 फरवरी को सुबह 6.30 बजे जाप अभिषेक , 8 बजे दिव्य औषधियों से आकार शुद्धि, 9.30 बजे प्रवचन, 10.30 बजे जन्माभिषेक के लिए पांडुकशिला की ओर जुलूस के रूप में प्रस्थान, दोपहर 1 बजे मंच पर प्रतिमाओं का श्रृंगार, सायं 6 बजे प्रवचन, आरती के बाद सायं 7 बजे से इंद्राणियों द्वारा जिनबालक का श्रृंगार, भगवान का पालना झुलाने एवं बाललीला आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 1 मार्च को तप कल्याणक, 2 को ज्ञान कल्याणक एवं 3 मार्च को जाप, पंचामृत, अभिषेक, निर्वाण लाडू, प्रातः 8 बजे प्रवचन, विश्व शांति महायज्ञ, दशांश पूर्णाहुति, शांति पाठ, विसर्जन, संघ पूजा के बाद मोक्ष कल्याणक जुलूस और प्रातः 11.32 बजे भगवान विराजमान कर कलशारोहण एवं ध्वजारोहण तथा महामस्तकाभिषेक की रस्मों के बाद दोपहर 12.30 बजे वात्सल्य भोज के साथ समापन होगा। मीडिया प्रभारी ऋषभ पाटनी के अनुसार महोत्सव समिति की आज संपन्न बैठक में अनेक निर्णय लिए गए। महोत्सव में पधारने वाले सभी आचार्य, मुनियों एवं संघ के मंगल प्रवेश पर उनका गरिमापूर्ण स्वागत किया जाएगा। पंचकल्याणक महोत्सव पूरे विधि विधान से संपन्न होगा।

---

# मर्यादा की लक्ष्मण रेखा के दायरे में रहेंगे तो हर कोई सम्मान देगा -बाल व्यास ऋषभदेव

## श्रीजी वैली बिचौली मदार्ना पर भागवत ज्ञान यज्ञ, कल मनेगा कृष्ण जन्मोत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गंगा और अन्य नदियां तभी तक पूजनीय होती हैं, जब तक वे अपने किनारों की मर्यादा में बहती हैं। किनारे छोड़ने पर कोई भी उन्हें नहीं पूजता, क्योंकि तब वही जीवन रेखा विनाश की बाढ़ लेकर आती है। मनुष्य जीवन का भी यही सिद्धांत है। जब तक हम परिवार और समाज की लक्ष्मण रेखा के दायरे में रहेंगे, हर कोई सम्मान देगा, लेकिन जैसे ही लक्ष्मण रेखा लांघने का प्रयास करेंगे, अर्जित सम्मान भी खो देंगे।**

यह प्रेरक विचार है बाल व्यास आचार्य पं. ऋषभदेव महाराज के, जो उन्होंने बिचौली मदार्ना, श्रीजी वेली में भागवत ज्ञान यज्ञ में व्यक्त किए। प्रारंभ में संयोजक नितिन मालवीय, पिंटू उमेश शर्मा, अंकुर मिस्त्री आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया। विद्वान वक्ता की अगवानी मालवीय परिवार के सदस्यों ने की। यहां प्रतिदिन भजनों पर श्रद्धालु नाच-गा रहे हैं। समाजसेवी गणेश मालवीय की पुण्य स्मृति में 27 फरवरी तक हो रहे इस अनुष्ठान में आचार्य ऋषभदेव प्रतिदिन दोपहर 1 से सायं 5 बजे तक संगीतमय कथामृत की वर्षा करेंगे। कथा स्थल पर भक्तों की सुविधा के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। कथा में 24 फरवरी को कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। बाल व्यास ऋषभदेव ने भागवत की महत्ता बताते हुए कहा कि भागवत वह कथा है जो जन्म-जन्मांतर के बाद नसीब होती है। स्वयं भगवान के श्रीमुख से जिस ग्रंथ का प्राकट्य हुआ हो, वह कालजयी ग्रंथ के अलावा कुछ और नहीं हो सकता। भागवत को हम चाहे कल्पवृक्ष कहें, चाहे सद्गुणों का महासागर कहें या कुछ और ,सबका सार यही है कि जीवन को मोक्ष की ओर अग्रसर करना है तो भागवत की शरण लेना ही पड़ेगी। भारत भूमि वह स्थान है, जहां सबसे ज्यादा देवी-देवता अवतार लेकर इस सृष्टि का संचालन कर रहे हैं।

---

# आरडीएसएस के ग्रिडों से शहर की बिजली क्षमता 30 मैगावाट और बढ़ेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर शहर में रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के कार्यो की गति बढ़ाने को लेकर प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने गुरुवार दोपहर मिटिंग ली। इसमें आरडीएसएस के तहत शहर का पहला ग्रिड फरवरी अंत में ऊर्जीकृत करने, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर, केबलीकरण इत्यादि कार्यो को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान बताया गया कि शहर में उक्त योजना के तहत 33/11 केवी के नए 6 बिजली ग्रिड बनाए जा रहे है, इससे बिजली वितरण क्षमता में तीस मैगावाट की वृद्धि होगी। शहर में खजराना, चंदन नगर, मालवा मिल क्षेत्र, सिरपुर आदि इलाकों में में अंडर ग्रांउड केबल स्थापित होगी। सिरपुर में यह कार्य प्रारंभ भी हो चुका है। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री एसएल करवाड़िया, श्री गिरीश व्यास, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एससी वर्मा, अधीक्षण यंत्री मुख्यालय श्री आरएस तोमर, शहर अधीक्षण यंत्री श्री मनोज शर्मा, शहर के कार्यपालनयंत्री सर्वश्री श्रीकांत बारस्कर, आरएल धाकड़, विनय प्रताप सिंह, डीके तिवारी, योगेश आठनेरे आदि मौजूद थे। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने आरडीएसएस के कार्यो की प्रगति को लेकर अन्य सर्कल के अधिकारियों से भी सीधे बात की व समयानुसार प्रगति के लिए निर्देश दिए।

---

# क्षय पीड़ित सहायक संघ द्वारा किया गया गरीब टी.बी. मरीजों को अनाज वितरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। टी. बी. मुक्त भारत अभियान के तहत आरंभ की गई निक्षय मित्र योजना के अंतर्गत क्षय पीड़ित सहायक संघ द्वारा जिला क्षय उन्मूलन केंद्र पर 10 गरीब टी. बी. मरीजों को पोषण आहार वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला क्षय अधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार जैन, क्षय पीड़ित सहायक संघ के अध्यक्ष डॉ. विजय छजलानी, उपाध्यक्ष डॉ अतुल खराटे, सचिव श्री आशीष शुक्ला, कोषाध्यक्ष श्री एच. एल. जैन, सहसचिव नरेंद्र भटैबरा, अनिल भोजे, कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश चंद्र जैन, जयप्रकाश महेश्वरी, अशोक कोठारी, डॉ. शरद डोशी, डॉ. विद्या स्वर्णकार, नंदकिशोर शर्मा, अंकित चौधरी, सलाहकार समिति डॉ. राजीव चौधरी, डॉ. नीलेश नगर, मनीष सुराणा ,आकाश शर्मा, रामू सिंह रावत, अनिल अहिरवार, श्री शैलेंद्र पवैया, कमल सिंह गेहलोद, मन्मय शर्मा आदि अन्य सदस्य उपस्थित थे। उपस्थित व्यक्तियों ने क्षय पीड़ित सहायक संघ के इस सार्थक पहल के लिए बधाइयां दी। कार्यक्रम में जिला क्षय उन्मूलन केंद्र के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# बदनावर में आदिवासी सभा करेंगे राहुल गांधी

## मुरैना से प्रदेश में एंटर होगी न्याय यात्रा, ग्वालियर-गुना में रोड शो करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बदनावर-भोपाल। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 2 मार्च को धौलपुर (राजस्थान) से मध्यप्रदेश में मुरैना से एंट्री करेगी। प्रदेश में यह यात्रा 5 दिन रहेगी। रतलाम जिले के सैलाना से राजस्थान के बांसवाड़ा जिले की सीमा में प्रवेश करेगी।**

मध्यप्रदेश में एंट्री करने के साथ ही शुरूआती दौर में मुरैना में पहली सभा होगी। बाद में राहुल गांधी रोड शो और नुक्कड़ सभाओं के जरिए लोगों को संबोधित करेंगे। मुरैना से लेकर रतलाम तक राहुल गांधी अलग-अलग ग्रुप्स के साथ चर्चा करेंगे। हर ग्रुप के साथ अलग मुद्दों पर चर्चा होगी। 6 मार्च को धार जिले के बदनावर में आदिवासियों के बीच सभा करेंगे।

26 फरवरी से 1 मार्च तक यात्रा का ब्रेक होगा। दरअसल, राहुल गांधी 27 और 28 फरवरी को इंग्लैंड की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी जाकर लेक्चर देंगे। यहां वे पढ़े भी हैं। उन्होंने एक साल पहले कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में लेक्चर देने का वादा किया था। इसी बीच वे नई दिल्ली में होने वाली महत्वपूर्ण बैठकों में भी शामिल होंगे।

### 694 दिन बाद महाकाल के दर्शन करेंगे राहुल गांधी

इंग्लैंड से लौटने के बाद 2 मार्च को दोपहर 2 बजे धौलपुर से एक बार फिर भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू होगी। इसके बाद यह मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, शाजापुर और उज्जैन सहित मध्यप्रदेश के अन्य जिलों को कवर करेगी। 5 मार्च की दोपहर 2 बजे राहुल गांधी उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन करेंगे। राहुल गांधी 694 दिन के बाद महाकाल के दर्शन करेंगे। उन्होंने पिछली बार भारत जोड़ो यात्रा के दौरान 29 नवंबर 2022 को महाकाल के दर्शन किए थे।

# दिल्ली में अपनो बुंदेली उत्सव 25 फरवरी को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** बुंदेलखंड विकास परिषद के सहयोग से अपनो बुंदेली ट्रस्ट द्वारा 25 फरवरी को नई दिल्ली के ताल कटोरा में विशाल अपनो बुंदेली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ महेश शर्मा के आवास परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बुंदेलखंड के प्रमुख संगठन, शासनिक-प्रशासनिक मंच के प्रमुख सदस्य व बुंदेलखंड 2477 जैसे डिजिटल न्यूज प्लेटफॉर्म्स भी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से बुंदेली धरा की सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक और राजनीतिक विरासत को देश व वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने का प्रयास किया जायेगा। आयोजन समिति संयोजक महेश सक्सेना के आह्वान पर बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष और फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला ने भी एक वीडियो सन्देश जारी कर, बुंदेलखंड और देश के अन्य हिस्सों में रह रहे बुंदेली माटी से जुड़े लोगों को कार्यक्रम से जुड़ने का आग्रह किया है। अपने वीडियो सन्देश में राजा बुंदेला ने कहा कि ह्लअपनो बुंदेली उत्सव, ऐसे लोगों के माध्यम से आयोजित हो रहा है जो पिछले कई सालों से दिल्ली और आस पास के क्षेत्र में बुंदेलखंड की अलख जगाये हुए हैं। बता दें कि कार्यकम में बुंदेली सेना, अपनो बुन्देलखण्ड ट्रस्ट- बुन्देलखण्ड विकास परिषद, बुन्देलखण्ड उत्सव समिति, राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त ट्रस्ट, बुन्देलखण्ड मोर्चा, बुंदेलखंड 2477, गहोई वैश्य एसोसियेशन व अन्य प्रमुख संगठन हिस्सा ले रहे हैं। वहीं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से केंद्रीय पर्यटन राज्य मंत्री, महेश शर्मा (पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद), पूर्व डीजीपी उत्तर प्रदेश सुलखान सिंह, चित्रकूट कामतानाथ प्रमुख द्वार महंत मदन गोपाल जी महाराज, अशोक ध्यानचंद (1975 विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता, 1972 म्यूनिख ओलंपिक कांस्य पदक विजेता - हॉकी खिलाड़ी व अर्जुन अवार्ड विजेता), डॉ एस के दुबे (पूर्व महानिदेशक पुरातत्व विभाग) ,संतोष पटेरिया (वरिष्ठ इतिहासकार), संजय सिंह व बुन्देलखण्ड की प्रमुख हस्तियां शिरकत करेंगी।

# पुलिस की लापरवाही से बरी हो गया भोपाल का बदमाश

## कोर्ट ने आदेश में गिनाई जांच की खामियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल में पुलिस की लापरवाही से हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी जुबैर उर्फ मौलाना को बरी कर दिया गया। कोर्ट ने अपने फैसले में जांच की खामियों का उल्लेख किया है। बताया है कि आरोपी के खिलाफ पुलिस तकनीकी साक्ष्य नहीं जुटा पाई। वहीं, फरियादी ने भी उसे पहचानने से इंकार कर दिया। जुबैर के खिलाफ बीते वर्ष सितंबर 2023 की रात भोपाल के ही एक बदमाश पर गोली चलाने के आरोप थे। बदमाश जुबैर मौलाना के खिलाफ सीहोर, भोपाल और इंदौर में 40 से अधिक केस दर्ज हैं।

### कोर्ट का फैसला...जुबैर मौलाना दोषमुक्त

अंत में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के चतुर्थ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर जायसवाल की कोर्ट ने अपने फैसले में लिखा कि जांचकर्ता आरोपी जुबैर मौलाना पर लगाए गए आरोपों को प्रमाणित करने में असफल रहे। ऐसे में जुबैर मौलाना को धारा 294, 307/34. 120बी, 427 के तहत आरोप से दोषमुक्त किया जाता है।

# बदमाश बोला- जीएसटी दो मतलब गुंडा सर्विस टैक्स

## ग्वालियर पुलिस से कहा- रेत वाले डंपरों से 15000 रुपए महीना चाहिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर पुलिस ने रेत के डंपरों के स्टाफ को लूटने वाली गैंग के सरगना को अरेस्ट किया है। दो दिन पहले गैंग ने रेत भरने सिंध नदी की ओर जा रहे डंपर को रोक लिया था। डंपर के ड्राइवर और हेल्पर से राइफल अड़ाकर 50 हजार रुपए लूटे थे, जिसके बाद पुलिस ने ये कार्रवाई की।**

यह गैंग बेहट से सटे जंगल में सिंध नदी से रेत भरकर आने-जाने वाले डंपरों को लूटती है। बदमाश गायों के झुंड को रास्ते में हांक देते। यहां से गुजर रहे डंपर ड्राइवर गायों को देखकर ब्रेक लगाते। इसी दौरान बदमाश कई राउंड फायरिंग करते, जिससे डंपर स्टाफ दहशत में आ जाते थे। गैंग उन्हें लूटकर गाड़ी के टायर में गोली मारकर भाग जाते।

गैंग के सरगना हरेंद्र गुर्जर ने पुलिस से कहा, ह्रमुझे रेत खदान पर आने-जाने वाले वाहनों से 15 हजार रुपए महीना जीएसटी चाहिए। जीएसटी मतलब गुंडा सर्विस टैक्स। पुलिस ने बताया कि बदमाश के दो साथी रामस्वरूप गुर्जर और नानू उर्फ नारायण गुर्जर फरार हैं। उनकी तलाश कर रहे हैं।

### 20 दिन में 3 डंपर के स्टाफ से लूटपाट

ग्वालियर शहर से 45 किलोमीटर दूर आखिरी गांव बेहट, रनगंवा के आसपास का पूरा इलाका गुर्जर बाहुल्य है। यहीं से रतनगढ़ के जंगल से डंपर-ट्रक सिंध नदी के किनारे रेत खदान तक जाते हैं। इन्हीं गांव से सटे जंगलों में बदमाश वाहनों से लूटपाट करते हैं। बेहट थानाक्षेत्र के बेहट, रनगंवा, रतनगढ़ से लगे जंगल में पिछले 20 दिन में 3 डंपर के स्टाफ से लूटपाट और फायरिंग की घटनाएं हो चुकी हैं।

### पिता के नाम रजिस्टर्ड राइफल का लूट में इस्तेमाल

बदमाशों की तलाश में उटीला, हस्तिनापुर और बेहट पुलिस ने सर्च किया। हरेंद्र गुर्जर (टिकटौली, बेहट) को 6500 रुपए कैश, टूटे मोबाइल, बाइक और राइफल जब्त कर गिरफ्तार किया है। उसके साथी भिंड जिले के मौ के रहने वाले नानू उर्फ नारायण गुर्जर और रामस्वरूप गुर्जर अभी फरार हैं। आरोपियों ने रेत खदान पर जा रहे भिंड के गोरमी के रहने वाले डंपर चालक देवेंद्र गुर्जर और हेल्पर लवकुश गुर्जर से लूटपाट की थी। पकड़े गए बदमाश से मिली 35 बोर की राइफल उसके पिता के नाम पर रजिस्टर्ड है। उसने पूछताछ में बताया कि यह बंदूक उसके पिता की है। वारदात में एक बंदूक और इस्तेमाल की गई है। यह भी दूसरे आरोपी के पिता की बताई जा रही है।

# नागदा में 25 फरवरी को कैंसर एवं मूत्र रोग जांच शिविर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** बदलती जीवनशैली और बिगड़ते खान पान के कारण कई तरह के कारण कई तरह के रोग हो रहे हैं। ऐसे में कैंसर और मूत्र रोगों की जांच, निदान एवं जागरूकता फैलान हेतु उज्जैन संभाग के पहले कैंसर समर्पित वेदा हॉस्पिटल द्वारा एकदिवसीय निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। नागदा के ग्रेसिम जनसेवा ट्रस्ट इन्दुभाई पारेख मेमोरियल हॉस्पिटल में 25 फरवरी, 2024 को आयोजित होने वाले शिविर में टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल की कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. गार्गी मुले एवं इंदौर के मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विमल केसवानी द्वारा द्वारा कैंसर एवं मूत्र रोगों की निःशुल्क जांच की जाएगी साथ ही फ्री सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग (पैप स्मीयर), यूरोफ्लोमैट्री जांच सहित अन्य सभी जांचों पर विशेष छूट दी जायेगी। वेदा हॉस्पिटल के डॉ. समन्वय अग्रवाल के अनुसार, वर्तमान समय में खानपान और जीवनशैली का स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। जहाँ एक और कैंसर दुनिया भर में मौत का एक प्रमुख कारण है तो वहीं दूसरी और मूत्र रोगों ने भी लोगों का जीवन दूभर कर रखा है। इन रोगों से बचाव का सबसे बेहतर तरीका है इसके बारे में अधिक से अधिक जानकारी होना एवं समय समय पर इसकी जांच करवाना।

# अवैध कट्टे, पिस्टल सहित दो गिरफ्तार

## 2 पिस्टल, एक देसी कट्टा जप्त; चार जिंदा राउंड भी मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना। शहर के कोतवाली इलाके में हथियार लेकर किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 2 अवैध देशी कट्टा और 1 पिस्टल सहित 4 जिंदा राउण्ड बरामद किये हैं।**

जिले में अपराधियों पर शिकंजा कसे जाने के लिए एक अभियान के रूप में कार्यवाहियों को अंजाम दिलाया जा रहा है। इसी सिलसिले में श्वेता गुप्ता के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 अवैध देशी कट्टा, 1 पिस्टल एवं 4 जिंदा राउण्ड जप्त किए गए हैं। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि हड्डी मील, मीट मार्केट के पास एक व्यक्ति अवैध पिस्टल लेकर कोई वारदात करने की फिराक में घूम रहा है। सूचना पाए पुलिस की एक टीम ने हड्डीमील मीट मार्केट के पास पहुंचकर देखा, तो वहां पर मुखबिर द्वारा बताए हुलिए के एक व्यक्ति द्वारा पुलिस को देखकर वहां से दौड़ लगा दी। पुलिस फोर्स द्वारा उसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम नाम गोल्डी उर्फ रघुविन्दर पुत्र निर्मल सिंह सिख उम्र 26 साल निवासी गोकुल सिंह का चक बताया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो उसकी कमर में एक देशी पिस्टल खुर्सी हुई मिली। मैग्जीन को चैक करने पर उसमें 2 जिंदा राउण्ड लोड पाए गए, जिन्हें पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपी द्वारा एक कट्टा अपने घर के पास छिपा कर रखना बताया, जिसे भी पुलिस द्वारा आरोपी की निसानदेही से बरामद कर जप्त किया गया है। इसी तरह एक व्यक्ति के अवैध देशी कट्टा लेकर शहर के आरोन बस स्टेंड पर ओवर ब्रिज के नीचे कोई वारदात करने की फिराक में खडे होने की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक युवक को पकड़ा। उसने अपना नाम अभिषेक पुत्र वीर सिंह कुशवाह उम्र 23 साल निवासी आदर्श कालोनी बताया। उसके कब्जे से पुलिस ने 315 बोर का अवैध एक देशी कट्टा और 2 जिंदा राउण्ड बरामद किए। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

Paschim bangal

# बंगाल में ED की बड़ी कार्रवाई, संदेशखाली कांड के आरोपी शाहजहां की तलाश में रेड

**कोलकाता**। प्रवर्तन निदेशालय ने आज पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर छापेमारी की है। पीडीएस घोटाला मामले में फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के खिलाफ जारी जांच के सिलसिले में छापेमारी मारी गई है। ईडी की टीम करीब 6 जगहों पर तलाशी अभियान चला रही है। आपको बता दें कि केंद्रीय जांच एजेंसी के द्वारा शाहजहां को नया समन जारी किया गया था। उन्हें 29 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

प्रवर्तन निदेशालय ने जमीन हड़पने के आरोप में टीएमसी नेता शाहजहां के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का नया मामला दर्ज किया है। एक नई ईसीआईआर दर्ज की गई है।



आपको बता दें कि शाहजहां पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हिंदू महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न और जमीनें कब्जाने का भी आरोपी है। वह फिलहाल फरार चल रहा है। हाल ही में कलकत्ता हाईकोर्ट ने इस मामले में तीखी टिप्पणी की थी। हाईकोर्ट ने बीते मंगलवार को कहा था कि दबंग शाहजहां शेख इस तरह फरार नहीं हो सकता। सरकार उसका समर्थन नहीं कर सकती है।

संदेशखाली जाने की परमिशन वाली भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी की अर्जी पर सुनवाई करते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की थी। कोर्ट ने कहा कि हमने उन शिकायतों का संज्ञान लिया है, जिसमें महिलाओं ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं।

तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर

New Delhi

## दिल्ली के रेस्टोरेंट में दो लड़कियों संग मनाने पहुंचा था बर्थडे, तीसरी ने मार डाला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के पीतमपुरा स्थित वर्धमान मॉल के एक रेस्टोरेंट में बुधवार को जन्मदिन की पार्टी दे रहे युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। जबकि उसके दो दोस्तों को भी बुरी तरह से जख्मी कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, रेस्टोरेंट में काम करने वाली एक युवती जन्मदिन की पार्टी देने वाले युवक को पहले से जानती थी। वह उसके पास आकर बैठ गई। इस दौरान युवक के साथ पार्टी कर रही अन्य लड़कियों की युवती के साथ बहस हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि रेस्टोरेंट में काम करने वाली युवती ने अपने साथियों को बुला लिया। इन्होंने मिलकर युवक और उसके दोस्तों पर चाकू और डंडों से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने हत्या, हत्या के प्रयास, सबूत मिटाने सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर रेस्टोरेंट मालिक समेत छह आरोपियों को हिरासत में लिया है। उधर, देररात तक रेस्टोरेंट खुलने और हत्या के मामले की जांच में लापरवाही के बरतने आरोप में मंगोलपुरी थाने के एसएचओ को लाइन हाजिर कर दिया गया है। मरने वाले युवक की शिनाख्त 23 वर्षीय जतिन शर्मा के रूप में हुई है। हमले में जतिन के दो दोस्त प्रशांत और बाली भी बुरी तरह जख्मी हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, जतिन परिवार के साथ डी-ब्लॉक, बुध विहार, फेस-एक में रहता था। वह इकलौती संतान था। मंगलवार को उसका जन्मदिन था। उसने रात में दोस्तों को पार्टी देने का प्लान बनाया। जतिन की यारों दा अड्डा नामक रेस्टोरेंट में पहचान थी। यह रेस्टोरेंट पीतमपुरा स्थित वर्धमान मॉल में मौजूद है। रात करीब साढ़े 12 बजे सभी वहां जुटे और केक कटने के बाद खाना-पीना हुआ। रात करीब ढाई बजे सभी रेस्टोरेंट के बाहर आकर बैठ गए। तभी जतिन को पहले से जानने वाली रेस्टोरेंट में काम करने वाली जोया नाम की लड़की उसके पास आकर बैठ गई।

Kerala

## कोझिकोड में लेफ्ट नेता की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या, मर्डर को अंजाम देने के बाद फरार हुए हत्यारे

**तिरुवनंतपुरम, (एजेंसी)** केरल के कोझिकोड जिले में एक मंदिर उत्सव के दौरान गुरुवार रात भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के एक स्थानीय नेता की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई. मृतक की पहचान पीवी सत्यनाथन के रूप में हुई है, जो एक संगीत कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कोयिलैंडी के चेरियापुरम मंदिर गए थे. इसी दौरान उन पर घात लगाकर कुल्हाड़ी से हमला किया गया, जिससे उसकी पीठ और गर्दन पर घाव हो गए. इस घटना के बाद के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई. घायल सत्यनाथन को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई. सत्यनाथन पर हमला करने वाले हत्यारे वारदात को अंजाम देने के बाद तुरंत फरार हो गए. अभी तक हत्यारों की पहचान नहीं हो पाई है. पुलिस ने कहा कि उन्हें संदेह है कि व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण सत्यनाथन पर हमला हुआ. पीवी सत्यनाथन ने सीपीआई (एम) कोयिलांडी केंद्रीय स्थानीय समिति के सचिव के रूप में कार्य कर चुके हैं. घटना के मद्देनजर सीपीआई (एम) ने शुक्रवार को कोयिलैंडी में बंद का आह्वान किया है.

Hyderabad

## डिवाइडर से टकराई बेकाबू कार, BRS की महिला विधायक लस्या नंदिता की सड़क हादसे में मौत

**सिकंदराबाद, (एजेंसी)** सिकंदराबाद कैंट से बीआरएस विधायक लस्या नंदिता का सड़क हादसे में निधन हो गया. विधायक अपनी कार से यात्रा कर रहीं थीं. संगारेड्डी के अमीनपुर मंडल इलाके में सुल्तानपुर आउटर रिंग रोड (ORR) पर उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई. इस सड़क हादसे में विधायक लस्या नंदिता को गंभीर चोटें लगीं और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. इस दुर्घटना में उनका कार ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है.

लस्या नंदिता के असामयिक निधन पर बीआरएस प्रमुख केसीआर ने शोक व्यक्त किया है. उन्होंने कहा, एक युवा विधायक के रूप में अपने कामों के लिए पहचानी जाने वाली लस्या नंदिता की सड़क हादसे में मौत से दुखी हूं. इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदना उनके परिवार के साथ है. तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंती रेड्डी ने युवा विधायक की मौत पर दुख जताते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, कैंट विधायक लस्या नंदिता की असामयिक मौत से मुझे गहरा सदमा लगा है. नंदिता के पिता जी. सयन्ना के साथ मेरे करीब रिश्ते थे. पिछले साल इसी महीने में उनका निधन हो गया था... ये बेहद दुखद है कि उसी महीने में नंदिता की भी अचानक मौत हो गई. मैं उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं...मैं भगवान से उनकी आत्मा को शांति देने की प्रार्थना करता हूं.

खेल

## हर खिलाड़ी को एक करोड़ नकद और BMW गाड़ी, रणजी ट्रॉफी जीतने पर हैदराबाद के खिलाड़ी होंगे मालामाल

**नई दिल्ली। हैदराबाद ने रणजी ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप में मेघालय को पांच विकेट से हरा दिया। इस जीत के बाद हैदराबाद की टीम एलीट ग्रुप में वापस आ गई। दूसरी पारी में तिलक वर्मा और अनुभवी बल्लेबाज गहलौत राहुल सिंह ने अर्धशतक जमाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। जीत के बाद हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) की ओर से बड़े पुरस्कारों की घोषणा की गई। एचसीए ने प्लेट ग्रुप चैंपियन के लिए 10 लाख रुपए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों के लिए 50,000 रुपए का इनाम देने का वादा किया।**

एसोसिएशन के प्रमुख जगन मोहन राव अर्सिहनापल्ली ने अगले तीन वर्षों में रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने पर प्रत्येक खिलाड़ी को बीएमडब्ल्यू कार देने का भी



वादा किया है। पूरी टीम को एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि देने का भी वादा किया गया है। उन्होंने एक बातचीत में कहा, ''घोषणा का उद्देश्य खिलाड़ियों और अन्य हितधारकों को प्रेरित करना था। अगले साल लक्ष्य हासिल करना वास्तविक रूप से संभव नहीं है इसलिए मैंने उन्हें तीन सीजन दिए है।''

**हैदराबाद ने प्लेट ग्रुप में सभी मैच जीते-** हैदराबाद ने 1937-38 और 1986-87 में रणजी ट्रॉफी खिताब जीता था। पिछले संस्करण में टीम को प्लेट डिवीजन में खेलना पड़ा था। हैदराबाद ने प्लेट ग्रुप में पांच मैच खेले। इस दौरान उसने सभी पांच मैचों में जीत हासिल की। उसके खाते में 35 अंक थे। मेघालय की टीम तीन जीत के साथ दूसरे स्थान पर रही थी। मिजोरम तीसरे, नागालैंड चौथे, सिक्किम पांचवें और अरुणाचल प्रदेश छठे स्थान पर रहा था।

शीर्ष दो पर रहने वाली हैदराबाद और मेघालय की टीमों के फाइनल मुकाबला खेला गया। खिताबी मुकाबले में मेघालय ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। उसने पहली पारी में 304 रन बनाए। हैदराबाद ने इसके बाद पहली पारी में 350 रन बनाए। उसे 46 रन की बढ़त मिली। मेघालय ने दूसरी पारी में 243 रन बनाए। उसने हैदराबाद को 198 रन का लक्ष्य दिया। तिलक वर्मा की कप्तानी वाली टीम ने पांच विकेट पर 203 रन बनाकर मैच को जीत लिया। गहलोत राहुल सिंह ने दूसरी पारी में 62 और कप्तान तिलक 64 रन बनाए।

सिनेमा

## ऐश्वर्या राय को लेकर राहुल गांधी के बयान पर भड़कीं सिंगर सोना महापात्रा



कांग्रेस नेता राहुल गांधी अकसर अपनी बयानबाजी की वजह से चर्चा में रहते हैं. कई बार ऐसा भी होता है कि बातों ही बातों में राहुल गांधी बॉलीवुड सेलेब्स का नाम ले देते हैं, जिसके कारण वो ट्रोल्स के निशाने पर आ जाते हैं. भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान भी उन्होंने अपने भाषण में ऐश्वर्या राय और अमिताभ बच्चन का जिक्र किया, जिस वजह उन्हें काफी ट्रोल किया जा रहा है. सोना महापात्रा ने भी ऐश्वर्या राय का नाम लेने के लिए कांग्रेस नेता को खरी-खोटी सुनाई है.

20 फरवरी को राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते दिखे. अपने भाषण में उन्होंने ऐश्वर्या राय के नाम का भी जिक्र किया. देश की राजनीति में बेवजह ऐश्वर्या का नाम घसीटा गया, तो मशहूर सिंगर सोना महापात्रा ने भी इस पर अपनी बात रखी है.

उन्होंने राहुल गांधी के लिए X पर पोस्ट लिखा- कुछ राजनेता फायदा उठाने के लिए अपने भाषणों में महिलाओं को अपमानित करते हैं? यकीनन कुछ लोग किसी की मां, बहन को इसी तरह अपमानित करते होंगे. सोना महापात्रा के अलावा सोशल मीडिया यूजर्स भी ऐश्वर्या राय को लेकर किये गये कमेंट पर राहुल गांधी को ट्रोल कर रहे हैं.

मंगलवार को उत्तरप्रदेश प्रयागराज यात्रा के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि क्या आपने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा देखी? क्या आपने वहां कोई OBC/SC/ST चेहरा देखा? इसमें अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या राय और पीएम मोदी शामिल हुए थे. लेकिन वहां हमने उन लोगों को नहीं देखा है, जो असल में देश चलाते हैं.

## संपादकीय

### अतार्किक निर्माण से परेशानी

पहाड़ों पर बर्फबारी और हिमस्खलन से मार्ग अवरुद्ध हो जाना सर्दियों में हर वर्ष की सामान्य घटना जैसा है। मगर अब जिस तरह ये घटनाएं तबाही का सबब बन रही हैं, वह चिंता का विषय है। कश्मीर के सोनमर्ग हंग इलाके में पहाड़ से बर्फ की चट्टानें गिरने से वहां बह रहा नाला अवरुद्ध हो गया। इसके चलते नाले का पानी उफन कर सड़क पर बहना शुरू हो गया। गनीमत है कि उस तेज धार पानी में जान-माल का कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ, मगर सड़क को जो क्षति पहुंची उससे लंबे समय तक लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा। पिछले वर्ष इसी तरह हिमस्खलन में दो मजदूर दब कर मर गए थे। हिमाचल प्रदेश के मनाली इलाके में भी हिमस्खलन से ऐसी दुर्घटनाएं सामने आती रहती हैं। हालांकि हिमस्खलन वाले इलाकों में खतरे की चेतावनी वाली तख्तियां लगी होती हैं, फिर भी प्रशासन की मुस्तैदी और समय पूर्व दुर्घटना की चेतावनी जारी न हो पाने की वजह से दुर्घटनाएं हो ही जाती हैं। मगर पहाड़ों की पीड़ा दिन-ब-दिन इस बात से अधिक बढ़ती जा रही है कि वहां विकास के नाम पर अतार्किक निर्माण कार्य होने लगे हैं। पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए सड़कों, पुलों, होटल, मोटल, दुकानों आदि के निर्माण बड़े पैमाने पर होने लगे हैं। इससे पहाड़ों को तोड़ने, नदियों और नालों की जलधारा मोड़ने या अवरुद्ध कर देने की प्रवृत्ति भी बढ़ी है। सैलानियों को लुभाने की मंशा से बहुत सारी नदियों के किनारे और उनके भीतर तक अतिक्रमण कर खाने-पीने, मनोरंजन, यहां तक कि रुकने-ठहरने के लिए ढांचे खड़े कर लिए गए हैं। उत्तराखंड में बादल फटने की वजह से हुई तबाहियों के पीछे बड़ा कारण यही था कि खुदाई के चलते वहां के पहाड़ हिल कर भुरभुरे हो गए हैं, नदियों की जल संग्रहण क्षमता काफी घट गई है। इससे नदियों का पानी उफन कर सड़कों और रिहाइशी इलाकों में पहुंच जाता है। कश्मीर के सोनमर्ग में भी यही हुआ। हालांकि प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए समस्या पर काबू पा लिया, मगर यह इस बात का संकेत है कि आने वाले समय में ऐसी दुर्घटनाएं बड़ी तबाही का कारण भी बन सकती हैं।

**अर्ज़ किया है..!**

*ख़ामुशी अच्छी नहीं*
*इंकार होना चाहिए*
*ये तमाशा अब*
*सर-ए-बाज़ार होना चाहिए*

*- ज़फ़र इक़बाल*




**कभी किसी दूसरे की तरह बनने की कोशिश मत करो, हर व्यक्ति की अपनी-अपनी पहचान होती हैं।**

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## महिला जगत

# मौज-मस्ती की उम्र में राजोशी घोष ने बनाई करोड़ों की कंपनी



**ऐसे बनीं सेल्फ मेड महिला**

भारत में स्टार्टअप निवेश में महिलाओं की बढ़ती उपस्थिति के कारण देश में महत्वपूर्ण व्यवसाय और आर्थिक विकास हुआ है। भारतीय महिलाएं आज स्टार्टअप निवेश खेल का नेतृत्व कर रही हैं। बेंगलुरु और यूएस बेस्ड ओपन सोर्स इंजन हसूरा कंपनी की सीईओ और सह-संस्थापक एक महिला हैं। हसूरा भारत में ऐप डेवलपमेंट को बदलने में सबसे आगे हैं। इसकी सह संस्थापक का नाम राजोशी घोष है।

### → राजोशी घोष का स्टार्टअप

राजोशी घोष ने साल 2017 में हसुरा की स्थापना की थी। राजोशी घोष ने तकनीकी उद्योग में क्रांति लाकर डेवलपिंग क्षेत्र को सशक्त बनाया है। घोष के नेतृत्व में, हसूरा तकनीकी क्षेत्र में एक अग्रणी के रूप में उभरा है, जिसने वैश्विक मान्यता और साझेदारी के अवसरों को आकर्षित किया है। टेक्नोलॉजी के प्रति घोष के जुनून और डेवलपर सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता ने कंपनी को आधुनिक अनुप्रयोगों के निर्माण के लिए एक उपयुक्त मंच दिया।

### →सिंगापुर यूनिवर्सिटी से की पढ़ाई

राजोशी घोष ने कोरोना दौर की परेशानी के बीच 2023 में कंपनी का मार्केट कैप लगभग 8 हजार करोड़ रुपये तक पहुंचा दिया था। घोष ने अपनी मेहनत से स्टार्टअप को यूनिकॉर्न में बदल दिया। राजोशी घोष 36 साल की हैं और तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला हैं। राजोशी ने सिंगापुर नेशनल यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की और स्टैंडफोर्ड यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस इग्नीट ग्लोबल इनोवेशन प्रोग्राम में शामिल हुईं।

Highlights

1. NCP's Sharad Pawar faction allotted 'Man Blowing Turha' symbol
2. Upset over wife not cooking, man threatens to blow up the house
3. Family of farmer who died during protest to get ₹1 cr aid: CM Mann
4. Aadhaar verification will be mandatory in NPS account
5. Siddaramaiah Launches Ragi Health Mix Program for School Children
6. Kolkata mom kills son, 8, after he catches her having affair

# Vice Media to lay off 'several hundreds' and stop publishing on its site

**NEW DEIHI, (Agency).** Vice Media will no longer publish content on its website and will lay off "several hundred" people from its staff of over 900 employees over the next week, Associated Press reported citing a memo to staff by the company's chief executive officer Bruce Dixon who said that digital content distribution was no longer cost-effective for Vice.




Vice would lay more emphasis on the other channels of distribution, he said as per the memo. This comes as almost all legacy media brands- The Wall Street Journal, The Washington Post, Vox Media and The Los Angeles Times- have announced job cuts while digital platforms like Messenger, BuzzFeed News and Jezebel have shut down in the US.

Last year, Vice had filed for bankruptcy in the US and announced the shutdown of its Asia bureau. The media company was then sold for $350 million to a consortium led by Fortress Investment Group. In 2017, Vice Media was valued at $5.7 billion. The company was launched in 1994 and soon moved to New York building a reputation with tough journalism and stories from all over the world. The media company's assets include film and TV production, an in-house marketing agency and brands such as Refinery 29 and Unbothered.

In the memo, Bruce Dixon said that the company plans to sell Refinery 29.

"I know that saying goodbye to our valued colleagues is difficult and feels overwhelming, but this is the best path forward for Vice as we position the company for long-term creative and financial success," he said.

# Elon Musk calls Google 'insane racist, anti-civilizational' over Gemini chatbot

**NEW DEIHI, (Agency).** Elon Musk hit out at Google over the text-to-image generation feature of its Gemini AI chatbot. Alphabet's Google said that it is pausing Gemini's image generation of people. Google will release an improved version soon, it said, adding, "We're aware that Gemini is offering inaccuracies in some historical image generation depictions."



Amid the ongoing controversy, Elon Musk called Google 'insane' and 'anti-civilization', saying that the company overplayed its hand with the AI's image-generation capabilities of Gemini.

Elon Musk wrote on X (formerly Twitter), "I'm glad that Google overplayed their hand with their AI image generation, as it made their insane racist, anti-civilizational programming clear to all." Google started image generation through its Gemini AI models earlier this month. Although users have flagged that the model returns historical images which are sometimes inaccurate. Since the launch of OpenAI's ChatGPT in November 2022, Google has raced to produce AI software rival. Earlier, Google released its generative AI chatbot Bard which was rechristened as Gemini earlier this month. Google rolled out paid subscription plans in Gemini which users could choose for better reasoning capabilities from the AI model.

सड़क हादसा

# बीटेक के छात्र की मौत

## पुलिया से टकराई थी कार, सिर में लगी गंभीर चोट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राउ इलाके में बुधवार देर रात करीब तीन बजे हुए एक सडक हादसे में बीटेक के स्टूडेंट की मौत हो गई। वह दोस्तो के साथ पार्टी मनाने गया। इस दौरान कार एक पुलिया से टकराई थी। उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी।**

राउ पुलिस के मुताबिक एबी रोड़ की पुलिया के पास डीपीएस स्कूल के यहां डिवाईडर से बुधवार को एक कार टकरा गई। जिसमें कृष्णा(22) पुत्र प्रितम रोहिला निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पीथमपुर की मौत हो गई। बताया जाता है कि कृष्णा इंदौर के निजी कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। वह रात में दोस्तो के साथ कार में पार्टी मनाने महू इलाके में गया। इस दौरान पेट्रोप पंप के पास बाइक वाला



सामने आ गया। स्टेरिंग अचानक मुड गया। कार डिवाईडर से जा टकराई। कृष्णा के सिर में गंभीर चोट आई। उसे इंदौर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरूवार रात यहां उसकी मौत हो गई।

### यहां भी कार पल्टी, ड्रायवर घायल

भंवरकुआ इलाके में भी रात करीब 11 बजे के लगभग एक कार पल्टी खा गई। इसमें कार चला रहे युवक को मामूली चोट आई। उसे उपचार के लिये नजदीक के अस्पताल भेजा गया। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक घटना राधा स्वामी सतसंग आश्रम के सामने की है। तेज रफ्तार कार नंबर Mp09 WD 8950 यहां अचानक रात में पल्टी खा गई। बताया जाता है कि सडक के पास में मिट्?टी काफी नीचे होने के चलते ड्रायवर कार को तेज रफ्तार में नियंत्रित नही कर पाया। जिसमें कार पल्टी खा गई। पुलिस ने रास्ते से क्रेन की मदद से कार को सीधा करवाया है। हादसे में किसी तरह का प्रकरण दर्ज अभी नही किया गया।

# नाबालिग छात्रा को एडिटेड फोटो भेजे, वायरल करने की धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 15 साल की नाबालिग छात्रा के फोटो वायरल करने की धमकी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि बदमाश ने छात्रा के व्हॉट्सएप पर एक मैसेज भेजा। इसमें उसी छात्रा का एडिट किया हुआ फोटो था। छात्रा यह देखकर चौंक गई। इसके बाद उसने अपने पिता के साथ पलासिया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।**

पुलिस के मुताबिक शिकायतकर्ता पिता ने बताया कि 18 फरवरी की रात 11 बजे बेटी के व्हॉट्सएप पर उसका एडिटेड फोटो आया। देर रात तक बदमाश ने बेटी के कई फोटो एडिट करके भेजे। इसके बाद उसने बेटी का स्नेपचैट का आईडी और पासवर्ड मांगा।

नहीं देने पर धमकी दी कि बात नहीं मानी तो सभी फोटो उसके दोस्तों से शेयर कर देगा। और वह मुसीबत में फंस जाएगी। बदमाश ने कहा कि मेरा नंबर भी ट्रैक नहीं कर पाएगी। इसके बाद बेटी ने पिता के साथ पलासिया थाने पहुंचकर बदमाश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने छात्रा से बदमाश का मोबाइल नंबर और स्क्रीन शॉट भी पुलिस ने लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### फार्चुनर चोरी, पार्किंग में खड़ी थी

इंदौर। लसूडिया इलाके से एक फार्चुनर कार चोरी हो गई। कार मालिक ने मामले में गुरूवार को शिकायत दर्ज कराई है। कार को लेकर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। लसूडिया पुलिस के मुताबिक विनोद सिंह राजावात निवासी महालक्ष्मी ने अपनी फाचुर्नर चोरी के मामले में केस दर्ज कराया है। विनोद के मुताबिक उन्होंने अपनी कार नंबर रूक्क0र्7 'श्व 4610 को मंगलवार रात 11 बजे खड़े की। दूसरे दिन 6 बजे वह बाहर आए तो एसयूवी कार अपनी जगह पर नही मिली। उन्होंने आसपास कार की तलाश की। लेकिन जानकारी नही लगी। पुलिस ने आसपास के फुटेज खंगाले है। कार को लेकर जानकारी निकाली जा रही है।

### टहलने निकली महिला की चेन लूटी

इंदौर। अन्नपूर्णा इलाके में महिला के साथ चेन लूट की वारदात हो गई। वह टहलने के लिए घर से निकली। इस दौरान बाइक सवार बदमाश वारदात को अंजाम देकर भाग गया। पुलिस के मुताबिक अमित जैन की शिकायत पर अज्ञात लुटेरे के खिलाफ केस दर्ज किया है। अमित ने बताया कि वे केसर बाग रोड स्थित 6 बंग्लो पर रहते है। उनका कपड़ों का कारोबार है। बुधवार शाम उनकी मां ललिता जैन घर से श्रीराम नगर की तरफ पैदल टहल रही थी। तभी बदमाश ने पीछे से आकर गले में झपट्टा मारा ओर उनकी मां की चेन लूट कर भाग गए। पुलिस ने मामले में जानकारी लगने के बाद आसपास के फुटेज चेक किये। बदमाश सिल्वर रंग की बाइक पर जाते दिखा है।

# चोर को रहवासियों ने पकड़ा, पेड़ से बांधकर पीटने वालों पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** घर से लोहे का गेट उठाकर ले जा रहे चोर को रहवासियों ने पकड़ लिया और पेड़ से बांधकर उसकी पिटाई कर दी। मामले में पुलिस ने पेड़ से बांधकर पिटाई करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अन्नपूर्णा इलाके की मधुबन कालोनी में रहने वाले रहवासियों ने एक चोर को पकड़ा था। आरोपी ने एक दिन पहले कॉलोनी के घर से लोहे का गेट चुराकर ले गया था। जब वह अगले दिन सुबह मधुबन कॉलोनी में आकर बगीचे का गेट खोलने लगा। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसे देखा और पहचान कर उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसकी पिटाई करते हुए पेड़ से बांध दिया था। किसी ने उक्त घटना का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। रहवासियों ने उक्त चोर को अन्नपूर्णा पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात करना कबूल किया है। दूसरी ओर मारपीट का वीडियो देखकर बड़े अफसरों ने मारपीट करने वालों पर अन्नपूर्णा थाना प्रभारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी संजू कामले का कहना है कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पूछताछ में गिरफ्त में आए बदमाश ने अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र से मोटरसायकल चुराना भी कबूल किया है। पुलिस उससे अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ कर रही है।

**चोरी में नाबालिग पकड़ाया-** इंदौर। किराना दुकान से चोरी हो गई। दुकान का शटर खोलकर नाबालिग कर्मचारी रुपए और आधा किलो चांदी चुराकर ले गया। उसकी हरकत सीसीटीवी में कैद हो गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सराफा पुलिस के मुताबिक पुरुषोत्तम मूंदड़ा निवासी स्कीम नंबर 71 ने बताया कि मारोठिया बाजार में उनकी दुकान है। 14 फरवरी की रात वह दुकान बंद करके घर चले गए। सुबह वापस दुकान आए तो करीब 1 लाख 10 हजार रुपए और छह सौ ग्राम से अधिक चांदी के जेवर नहीं थे। इसके बाद उन्होंने आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज खगाले तो इसमें नाबालिग नौकर डुप्लीकेट चाबी से दुकान का ताला खोलकर अंदर जाते दिखा और वारदात को अंजाम देने के बाद उसने दुकान का ताला लगाया और चला गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### सीढ़ी से गिरी वृद्धा की मौत

इंदौर। तीसरी मंजिल से गिरी बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। वह शुक्रवार सुबह ऊपर चढ़ रही थीं। तभी सीढ़ी से उनका पैर फिसल गया। इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना खजराना इलाके की है। पुलिस के मुताबिक महिला का नाम शांति था। वह 70 साल की थीं। बेटे मनोज यादव ने बताया कि तीसरी मंजिल पर निर्माण कार्य चल रहा है। यहां वह काम देखने के लिए ऊपर चढ़ रही थीं। तभी अचानक पैर फिसलने से वे नीचे आ गिरीं। हादसे के दौरान पत्नी चिल्लाई। तुरंत मां को उठाकर डीएनएस अस्पताल ले गए थे।

मनोज के मुताबिक तीसरी मंजिल से गिरने के बाद हालत गंभीर थी। डॉक्टरों ने प्रारंभिक चैकअप के बाद उन्हें एमवाय अस्पताल ले जाएं। लेकिन यहां पहुंचने के पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

### महिला पर पति ने किया जानलेवा हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक महिला पर जानलेवा हमले की वारदात हो गई,पति ने ही उसे चाकू से गोद डाला। आरोपी अपनी बेटी को गालियां दे रहा था पत्नी ने विरोध किया तो उस पर ही हमला कर दिया। भंवरकुआं थाने में लक्ष्मी की शिकायत पर आरोपी सुनील पिता कालू हिरवे निवासी गुरुद्वारे के पीछे खंडवा रोड के खिलाफ जानलेवा हमले की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। सुनील ने अपनी पत्नी गंगाबाई को चाकू से गोद दिया। आरोपी सुनील अपनी बेटी से गाली गलौज कर रहा था,गंगाबाई ने विरोध किया तो सुनील ने पत्नी पर चाकू से जानलेवा वार कर दिया। गंगाबाई की हालत नाजुक बनी हुई है।

**दामाद ने ससुराल में की चाकूबाजी**-उधर, सांवेर में पारिवारिक विवाद में दामाद ने ससुराल में पहुंचकर जमकर चाकू चलाए। उसके हमले में चार लोग घायल हुए हैं । घायलों में उसकी पत्नी भी शामिल है। सांवेर पुलिस के अनुसार घटना ग्राम कजलाना की है । पुलिस ने यहां रहने वाले कालूनाथ की शिकायत पर उसके दामाद सूरज निवासी ग्राम हरसोला के खिलाफ जानलेवा हमले की धाराओं में केस दर्ज किया है । घायलों में सूरज की पत्नी ममता सहित अमृता, गोविंदा और गहना बाई हैं। फरियादी ने पुलिस को बताया कि बेटी ममता और दामाद सूरज के बीच घरेलू विवाद चल रहा है। इस वजह से ममता कुछ दिनों से मायके में आकर रह रही है। सूरज अपनी पत्नी ममता को लेने आया, ममता ने जाने से इनकार किया तो दोनों के बीच विवाद होने लगा। ससुराल वालों ने बीच बचाव की कोशिश की तो सूरज ने पत्नी और ससुराल वालों पर ही चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी दामाद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक